## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–22.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी हो गई है। इस चरण में कुल 38 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा। नामांकन भरने की आखिरी तारीख 29 अक्टूबर है। उम्मीदवार सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे के बीच नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार, एक नवंबर तक नामांकन वापस ले सकते हैं।

******************

देवघर जिले के मधुपुर और सारठ विधानसभा सीट के लिए भी आज अधिसूचना जारी हो गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

******************

विधानसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर तस्वीर अब तक साफ नहीं हो सकी है। राजद और भाकपा माले के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है। इस बीच कांग्रेस ने 21 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव मनोज पांडेय ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पार्टी आज उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर सकती है।

******************

झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है आज झारखंड इंडिया ब्लॉक में सीटों के बारे में पूरी जानकारी सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरी उम्मीद है कि झारखंड में गठबंधन पिछली बार की अपेक्षा ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करेगा ।

******************

डॉ. लुईस मरांडी और कुणाल सारंगी समेत कई भाजपा नेताओं के झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने प्रतिक्रिया दी है। श्री प्रकाश ने कहा है कटाक्ष करते हुए कहा कि झामुमो वैसे नेताओं के सहारे चुनावी नैया पार करना चाहता है जिसे भाजपा ने रिजेक्ट कर दिया है।

******************

निष्पक्ष चुनाव को लेकर कोडरमा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कोडरमा थाना क्षेत्र के लारियाडीह पंचायत में एक होटल व्यवसायी के घर पर देर रात से छापेमारी जारी है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

******************

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने निम्न दबाव क्षेत्र और दाना चक्रवात का असर झारखंड के कई जिलों में भी देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के प्रभारी निदेशक ने बताया कि चक्रवात के कारण कई जगहों पर आंधी चलने के साथ भारी वर्षा होगी।

******समाप्त*********